अभ्यास के प्रश्नोत्तर

प्रश्न 1. सही उत्तर को चुनिये—

(क) निम्न में से कौन-सा पदार्थ ठोस अवस्था से सीधे गैसीय अवस्था में परिवर्तित हो जाता है—

(i) बर्फ (ii) जल

(iii) कपूर (iv) दूध

उत्तर—(iii)

(ख) बिना उबले हुए अंडे का द्रव गर्मी पाकर बदल जाता है—

(i) ठोस (ii) द्रव

(iii) गैस (iv) इनमें से कोई नहीं

उत्तर—(i)

(ग) निम्न में से कौन सा पदार्थ सामान्य रूप से पदार्थ की तीनों अवस्थाओं में पाया जाता है—

(i) जल (ii) कपूर

(iii) नौसादर (iv) दूध

उत्तर—(i)

प्रश्न 2. कपड़े से कुर्त्ता बनने के बाद क्या कपड़े को पुनः पहले वाली अवस्था में लाया जाता है ? इस प्रकार के तीन उदाहरण और दें ।

उत्तर—नहीं यह संभव नहीं है ।

(i) आटा से रोटी बनाने के बाद पहले वाली अवस्था में नहीं लाया जा सकता

(ii) दूध से दही

(iii) गेहूँ से आटा

प्रश्न 3. रात्रि में सीमेंट की एक बोरी जो खुले मैदान में रखी हुई थी, वर्षा के कारण भींग जाती है । अगले दिन तेज धूप निकलती है । सीमेंट कड़ा हो जाता है । क्या सीमेंट को पहले जैसी स्थिति में प्राप्त कर सकते हैं ।

उत्तर—चूँकि वह पूरी तरह भींगा हुआ है और जम चुका है इसलिए इसे पहली स्थिति में प्राप्त नहीं किया जा सकता है ।

प्रश्न 3. आगे दी गई तालिका में कुछ परवर्तन दिए गए हैं । प्रत्येक परिवर्तन के सामने रिक्त स्थान में लिखिए कि वह परिवर्तन के बाद पूर्व अवस्था में लाया जा सकता है या नहीं ?

परिवर्त्तन	पूर्व अवस्था में लाया जा सकता है (हाँ/नहीं)
1. लकड़ी के टुकड़े चीरना	नहीं
2. आईसक्रीम का पिंघलना	हाँ
3. नमक का जल में घुलना	हाँ
4. दूध का दही में बदलना	नहीं
5. बर्फ का जल में बदलना	हाँ
6. फूल का खिलना	नहीं
7. कली से फूल का बनना	नहीं
8. पेड़ से पत्ती का गिरना	नहीं
9. मोमबत्ती का जलना	हाँ